नववर्ष | उत्साह और उमंग के साथ लोगों ने किया नए साल का स्वागत

12 बजते ही आतिशबाजी के साथ हुआ नए साल का आगाज

नवभारत, जबलपुर। साल 2025 को विदाई देते हुए 12 बजते ही शहर में जमकर आतिशबाजियों के साथ लोगों ने नए साल का स्वागत किया। कई जगहों पर तो लोगों द्वारा शहर के बाहर जाकर इसका जश्न मनाया, वहीं शहर के रेस्टोरेंट, होटल और कैफे आदि में पार्टियां भी रखी गई थी। कल 31 दिसंबर की रात में शुरु हुई पार्टी देर रात तक नाच गाना और आतिशबाजी होने तक चली। न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए शहर के यंगस्टर्स और फ्रेंड सर्कल ने न्यू ईयर पार्टी में खूब एंजॉय किया।

केक काटा हुई पार्टियां

नए साल शुरू होते ही लोगों द्वारा रात में 12 बजते ही केक आदि काटकर नए साल का स्वागत किया। शहर के कई जगहों पर खासकर शहर के चौराहों तिराहों पर लोगों द्वारा जमकर पटाखे फोड़, आतिशबाज़ी की और नए साल पर जश्न मनाया। इसके अलावा शहर में कई जगहों पर पार्टी का आयोजन किया गया। जहां पर डीजे नाइट और बड़े ही भव्य रूप से पार्टियां आयोजित की गई।

आज सैर-सपाटा और पिकनिक की रहेगी धूम

नए साल की शुरुआत पर आज 1 जनवरी 2026 पर लोग सुबह से ही घूमने फिरने और सैर - सपाटा के लिए निकल पड़ेंगे। जिसमें अधिकतर लोग पिकनिक आदि मनाने के लिए शहर से दूर भी पहुंचेंगे। इसके अलावा शहर के गार्डन, मॉल, मूवी ,गेम जोन के साथ-साथ पर्यटक स्थल भेड़ाघाट, धुआंधार, बरगी डैम , डुमना नेचर पार्क, घुघरा वॉटर फॉल, निदान वॉटरफॉल,रानी दुर्गावती का किला आदि सभी जगह पर लोग नया साल मनाने के लिए पहुंचेंगे।

कहीं हुड़दंग तो कहीं प्रशासन रहा मुस्तैद

सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए पुलिस प्रशासन सड़क पर तैनात रहा, कई जगह चेकिंग पॉइंट भी लगाए गए थे। उसके बावजूद भी शहर के युवक अपने वाहनों से हुड़दंग मचाते हुए नजर आए। इसके अलावा कई यंगस्टर नए साल के जश्न में मॉडिफाई साइलेंसर वाली गाड़ियों से पटाखे फोड़ते हुए कॉलोनी और गली- मोहल्लों में आतंक मचा रहे थे। हालांकि पुलिस प्रशासन लगातार सड़कों पर तैनात रहा और कई जगह पर चेकिंग लगाते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी नजर रखे हुए था।

नियमों को ताक पर रखकर चलती रही पार्टियां

नए साल की शुरुआत को लेकर 31 दिसंबर की शाम से ही पार्टियों का द्वार शुरू हो गया था ।12 बजते ही लोगों ने पटाखे फोड़ जमकर आतिशबाजियां कर नए साल का वेलकम किया। हालांकि प्रशासन द्वारा एक नियमित समय तक ही पार्टियां करने का नियम बताया था, लेकिन उसके बावजूद भी नियमों को ताक पर रखते हुए कई जगहों पर देर रात तक पार्टियों का दौर चलता रहा। साथ ही कई जगहों पर यंगस्टर्स शराब के नशे में घूमते और पार्टी मनाते नजर आएं।

रेत पर साकार होगा राम मंदिर, दिखेगा अद्भुत सैंड आर्ट

पुरी से पहुंचे ख्याति प्राप्त सैंड आर्टिस्ट करेंगे निर्माण, मंडला से आई नर्मदा नदी की रेत

नवभारत,जबलपुर। मानस भवन में 2, 3 एवं 4 जनवरी को आयोजित होने जा रहा चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस इस वर्ष एक अनूठे आकर्षण का साक्षी बनेगा। ब्रह्मर्षि मिशन समिति, श्री रामचंद्र पाथ गमन न्यास भोपाल एवं श्री राम अवेयरनेस मूवमेंट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में जबलपुर वासियों को पहली बार सैंड आर्ट (रेत कला) का भव्य और जीवंत प्रदर्शन देखने को मिलेगा। इस विशेष अवसर पर ओडिशा के पुरी से देश-विदेश में ख्याति प्राप्त सैंड आर्टिस्ट गोपाल सामंत आज 1 जनवरी 2026 से मानस भवन की आर्ट गैलरी के मुख्य द्वार पर रेत से भव्य राम मंदिर का निर्माण करेंगे। इस पावन कलाकृति के लिए मंडला से पवित्र नर्मदा नदी की रेत पहले ही जबलपुर लाई जा चुकी है। इस रेत कला का सबसे खास पहलू यह होगा कि दर्शक राम मंदिर का निर्माण प्रक्रिया को अपनी आंखों के सामने साकार होते हुए देख सकेंगे। सैंड आर्टिस्ट गोपाल सामंत ओडिशा के प्रसिद्ध रेत कलाकार हैं, जिन्होंने समुद्र तटों पर रेत से बनाई गई अपनी कलाकृतियों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है।

नर्मदा कलश स्थापना से होगा कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस से पूर्व द्वितीय चरण के अंतर्गत अन 1 जनवरी 2026 को नर्मदा कलश स्थापना के साथ कार्यक्रम का मंगलारंभ होगा। 1 जनवरी को दोपहर 3 बजे मानस भवन सभागार में आयोजित इस विशेष समारोह में ज्ञानेश्वरी दीदी,आयोजन अध्यक्ष अजय बिश्नोई, सचिव डॉ. अखिलेश गुमास्ता, पंकज गौर, एडवोकेट रविरंजन सहित अनेक साधु-संतों के सान्निध्य में डॉ. सुधीर अग्रवाल एवं विनोद दीवान द्वारा पावन नर्मदा कलश की स्थापना की जाएगी। इसके पश्चात नयागांव महिला मंडल एवं नेमा मानस मंडल द्वारा सांय 3.30 से 5.30 बजे तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध कलाकार डॉ. रेणु अरुण पांडे एवं उनकी टीम द्वारा रामायण विषय पर लाइव पेंटिंग प्रस्तुत की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण होगी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत पुणे से पधारी प्रियल नाज पांडे गटकर द्वारा गीत रामायण की भावपूर्ण प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं जबलपुर की बाल कलाकार द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजकों ने संस्कारधानी वासियों से अधिक संख्या में उपस्थिति का आग्रह किया है।

ए एक नजर में

अधिकारियों सहित रेलकर्मी हुए सेवानिवृत्त

नवभारत,जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत दो अधिकारी एवं चार कर्मचारी सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों के कुल 106 रेलकर्मी बुधवार 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हुए। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 31 दिसम्बर को अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रमुख वित्त सलाहकार मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. डी. पाटीदार एवं मुख्य विद्युत अभियंता विकास त्रिपाठी द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे दो अधिकारी एवं चार कर्मचारियों के अधिवार्षिता पर सेवानिवृत्ति संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल प्रदान किये। सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनायें दी गईं। सेवानिवृत्ति समारोह के अवसर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (ओ.स.) संजय कुमार सहित सहायक कार्मिक अधिकारी शैलेन्द्र सिंह गौर और मुख्य कल्याण निरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कर्याक्रम का संचालन सचिव प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी दिवाकर शुक्ला द्वारा सुचारु रूप से किया गया।

नगर निगम से सेवानिवृत्त हुए 17 कर्मचारी

नवभारत, जबलपुर। बुधवार को नगर निगम विभिन्न विभागों के 17 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जिनकी विदाई समारोह नगर निगम द्वारा परिजनों की उपस्थिति में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। जिसमें महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी,अंशुल राघवेन्द्र यादव, रजनी कैलाश साहू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों कर्मचारियों का शॉल, श्रीफल, फूलमाला, स्मृति चिन्ह से स्वागत सम्मान करते हुए यशस्वी जीवन जीने की शुभकामनाएँ दी एवं समस्त लाभों के एक साथ भुगतान स्वीकृति पत्रक प्रतिकात्मक चेक के रूप में प्रदान किये गए, जिससे अभिभूत होकर सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की ऑखों से खुशी के ऑसू छलक उठे। इस संबंध में अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेयी, सहायक आयुक्त शिवांगी महाजन एवं स्थापना अधीक्षक संजय पटैल ने बताया कि सेवानिवृत्त हुए समस्त 17 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही समस्त लाभों अवकाश नगदीकरण, समूह बीमा योजना, जी.पी.एफ., पेंशन अंशदान, उपादान (ग्रेच्युटी) आदि का भुगतान किया गया।

भविष्य निधि कार्यालय से अखिलेश नेमा हुए सेवानिवृत्त

नवभारत,जबलपुर। क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर से लगभग 27 वर्षों की सेवाएं प्रदान करने के उपरांत अखिलेश नेमा, अनुभाग पर्यवेक्षक के पद से 31 दिसम्बर 2025 को सेवानिवृत्त हुये। राकेश सहरावत द्वारा कार्यालय में आयोजित सेवानिवृत्ति कार्याक्रम के दौरान पेंशन भुगतान एवं अन्य देय लाभों के आदेश प्रदान किये गये। कार्यालय के समस्त साथियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी।

40 वर्षों की सेवा के बाद डॉ. अग्रवाल हुए सेवानिवृत्त

नवभारत,जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के वानिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू अग्रवाल ने 40 वर्षों की लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्ति ली। उनकी विदाई समारोह का आयोजन विभाग द्वारा किया गया, जिसमें कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कर्मचारी और विद्यार्थी डॉ. अग्रवाल का सम्मान करने उपस्थित रहे। कुलपति डॉ. मिश्रा ने डॉ. अग्रवाल की ईमानदार सेवा और किसानों एवं विद्यार्थियों के साथ उनके योगदान की सराहना की। सेवानिवृत्ति समारोह में डॉ. टी.आर. शर्मा, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. जयंत भट्ट, डॉ. ए.के. जैन, डॉ. अजय खरे, डॉ. विजय यादव, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश बाजपेयी और अन्य कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

भागवत कथा के बीच दिया व्यसन मुक्त राष्ट्र बनाने संदेश

नवभारत,जबलपुर। भव्य दिव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आशालता गृहस्थी आश्रम शिल्पी नगर भेड़ाघाट में जारी है । कथा के तृतीय दिवस भागवत आचार्य कृष्ण निशा तिवारी ने विदुर चरित्र, सृष्टिवर्णन, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र आदि कथाओं का वर्णन किया, पावन भागवत कथा का श्रवण कर समस्त शिल्पी नगर वासी भाव से झूम उठे और कथा श्रवण लाभ प्राप्त किया। कृष्ण निशा तिवारी ने पावन कथा में कहा कि राष्ट्र का गौरव तब है जब राष्ट्र व्यसन मुक्त हो और गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किया जाए। इस पावन भागवत कथा में नगर के गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मचारी पुरस्कृत

नवभारत,जबलपुर। 31 दिसंबर माह के दौरान सजगता एवं संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 रेल कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर कमल कुमार तलरेजा द्वारा सम्मानित किया गया। इन कर्मचारियों द्वारा रेल पटरियों में संभावित फ्रैक्चर, हॉट एक्सल आदि को समय रहते पहचान कर अपनी सतर्कता एवं सजगता से संभावित रेल दुर्घटनाओं को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई, जिससे सुरक्षित एवं सुचारु रेल परिचालन सुनिश्चित हो सका। सम्मान स्वरूप सभी 15 कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमे रवि प्रकाश, गुड्स ट्रेन मैनेजर, सागर रवि पाल, गुड्स ट्रेन मैनेजर, न्यू कटनी जंक्शन दिनेश गुर्जर, कॉटेवाला-'अ', झुकेही अतुल गर्ग, प्वाइंट्समैन, खुटहा मोनू कुमार, लोको पायलट (गुड्स), ब्यौहारी संतोष कुमार, गेटमैन, कटनी साउथ एवं अन्य शामिल हैं।

कराते चैंपियनशिप में आन्या ने जीता गोल्ड

नवभारत, जबलपुर। 44 वीं स्टेट कराते चैंपियनशिप डॉल्फिन स्पोर्ट्स एकेडमी नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मध्यप्रदेश में आयोजित हुई, जिसमें जबलपुर की आन्या गोटियां पुत्री भरत कुमार गोटियां, मंजू गोटियां ने कुमीते (फाइट,) में -48किग्रा कैटगरी में प्रथम स्थान स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए।

किशोरों को स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

एक पहल शक्ति से सुरक्षा की ओर 'सृजन' कार्यक्रम का 12वां दिन

नवभारत,जबलपुर। पुलिस और जनसाहस संस्था की संयुक्त पहल से संचालित किशोर सशक्तिकरण सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम 'सृजन' का बारहवां दिवस वरिष्ठ बुनियादी हाई स्कूल पनागर में आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला एवं रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनागर की जयंती झारिया ने किशोरों को आयरन एवं कैल्शियम गोलियों के सेवन और स्वास्थ्य लाभों के संबंध में जानकारी दी। काउंसलिंग के महत्व और कॉलेज एडमिशन जैसे निर्णयों में इसके लाभों पर भी चर्चा हुई। रक्षित केन्द्र के उप निरीक्षक सुनीता पंच एवं जनसाहस संस्था के राजू चौधरी ने पावर वॉक का प्रशिक्षण कराया, जबकि आरक्षक धीरू सिंह, आरक्षक तारा सैयाम, कंचन कोरी और नंदिनी सूर्यवंशी ने किशोरों को मार्शल आर्ट से सशक्त बनाने में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरों में स्वास्थ्य, अनुशासन, आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सशक्त नागरिक बनाना है।

11000 हनुमान चालीसा का पाठ आज से

नवभारत,जबलपुर। गौरैया घाट गौर पुलिस चौकी के पास स्थित गोरेश्वर धाम श्री हनुमान मंदिर में आज गुरुवार से 11 हजार हनुमान चालीसा के पाठ का भव्य आयोजन शुरू होने जा रहा है। इस विशाल आयोजन के संबंध में संकल्प करता अमरजीत सिंह (बंटी) ने बताया कि श्री हनुमान मंदिर में यह आयोजन 10 जनवरी तक होगा। इस आयोजन के प्रथम दिवस शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद सभी भक्तों और ग्राम वासियों के द्वारा अपनी-अपनी श्रद्धा अनुसार हनुमान चालीसा के पाठ किए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने कामिनी ठाकुर, संजीत सिंह ठाकुर, विजय तिवारी, वीरेंद्र शुक्ला, एवं समस्त ग्रामवासी व क्षेत्र वासियों ने आवाहन किया है और शोभायात्रा में पहुंचने की अपील की है।

गोविंदगंज ने देवताल को हराकर जीता फाइनल

नवभारत,जबलपुर। हितकारिणी विद्या परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल शहीद स्मारक में संपन्न हुआ। फाइनल मैच में हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी गोविंदगंज ने हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक शाला देवताल को 15 गेंद शेष रहते 86 रनों के लक्ष्य का पीछा कर हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर हितकारिणी विद्या परिषद के मंत्री जयेश सिंह राठौर, सदस्य दीपक सिंह राठौर, संयोजक नरेश तिवारी, राजीव श्रीवास्तव, हितकारिणी देवताल की प्राचार्य रजनीश श्रीवास्तव, हितकारिणी गोविंदगंज की प्राचार्य ज्योत्सना दीक्षित, उपप्राचार्य सारिका मिश्रा, और शिक्षक राजेंद्र तिवारी, शेखर खमरिया, हरीश विश्वकर्मा, विनोद नामदेव, दुष्यंत सिंह राजपूत, कुंज बिहारी, रोहित दुबे उपस्थित रहे।

तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज के कैलेण्डर का विमोचन

नवभारत,जबलपुर। तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर में इस वर्ष मुख्य अतिथि आशीष शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अर्पित शुक्ला, प्राचार्य शासकीय आई.टी.आई. की उपस्थिति में नए वर्ष 2026 के कैलेण्डर का विमोचन किया गया। नये वर्ष के कैलेण्डर विमोचन पर संस्था के चेयरमेन आर.एन, पहारिया ने बताया कि हमारी संस्था पिछले 18 वर्षों से नये वर्ष के कैलेण्डर का विमोचन कर रही है। नव वर्ष के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सचिव शरद गुप्ता, प्रबंधकारिणी सदस्य अखिलेश बरसैंया, संस्था के प्राचार्य डॉ. बी. के. साहू, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आई. के. खन्ना, सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

ठंड में मिले 10 घंटे बिजली, कम आपूर्ति वाले फीडरों पर हो कार्रवाई

किसानों ने नवागत अधीक्षण यंत्री से की सौजन्य भेंट, रखी मांगे

नवभारत,जबलपुर। जिले की सभी तहसीलों व ब्लॉकों के वरिष्ठ किसान प्रतिनिधियों ने म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के नवागत अधीक्षण यंत्री (ग्रामीण) खुशियाल सिंह शिववंशी से सौजन्य भेंट कर किसानों की विद्युत समस्याओं पर चर्चा की।

भारत कृषक समाज महाकौशल म.प्र. के अध्यक्ष इंजी. के.के. अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने कड़ाके की ठंड में खेती हेतु दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग रखी। साथ ही ओवरलोड/खराब ट्रांसफार्मर समयसीमा में बदलने, हॉर्स पावर बढ़ाकर जारी बिल वापस लेने, 10 घंटे से कम आपूर्ति वाले फीडरों के प्रभारियों व जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई, फर्जी चोरी प्रकरण वापस लेने तथा नए ट्रांसफार्मरों के लिए योजना बनाकर शासन को भेजने की मांग की गई।

अधीक्षण यंत्री ने समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुभाष चंद्रा, रूपेंद्र पटेल, एड. रामगोपाल पटेल, अनिल चिले, रमेश नवेरिया, जितेंद्र देसी, हरनारायण राजपूत, रामेश्वर अवस्थी, टीकराम पटेल, मुकेश ठाकुर, जितेंद्र पटेल, अंकित पटेल, मनोज पटेल, पंकज बागरी, अर्जुन सिंह लोधी, अनिरुद्ध बागरी, संतोष बर्मन उपस्थित रहे। बैठक का संचालन विद्युत समस्या निवारण प्रकोष्ठ के संयोजक मुकेश सिंह ठाकुर ने किया।

जबलपुर से भेजे गए ऑर्गन से बचाई गई जिंदगियां

अलविदा 2025, साल में 3 बार शहर में बनाया गया ग्रीन कॉरिडोर

नवभारत,जबलपुर। अंगदान, जीवनदान की सार्थकता पर अमल करते हुए वर्ष 2025 में जबलपुर में 3 बार ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। इस दौरान मृत व्यक्तियों के ऑर्गन भोपाल, अहमदाबाद और इंदौर भेजे गए जहां कई जिंदगियों के चिराग रोशन हुए। मेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस की त्वरित समन्वय व्यवस्था ने इन जीवन रक्षक अभियानों को पूरी तरह सफल बनाया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना, मेडिकल अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा के अनुसार अंगदान की प्रक्रिया बेहद संवेदनशील होती है और समय का विशेष महत्व होता है। इसलिए ग्रीन कॉरिडोर की अपने आप में बहुत महत्वता रही।

सत्येंद्र ने दिया 3 को जीवनदान

जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 31 वर्षीय सत्येंद्र यादव को अगस्त 2025 में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। ब्रेन डेड घोषित होने के बाद परिजनों की सहमति से उनके अंगदान का निर्णय लिया गया। नोटो (नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन) को सूचना देने के बाद अहमदाबाद, भोपाल और जबलपुर के मरीजों को शॉर्टलिस्ट किया गया। युवक का हार्ट अहमदाबाद में 21 वर्षीय मरीज को, लीवर भोपाल में 56 वर्षीय मरीज को और एक किडनी जबलपुर मेडिकल कॉलेज में 46 वर्षीय मरीज को प्रत्यारोपित की गई। अंगों को मेडिकल कॉलेज से डुमना एयरपोर्ट तक पहुंचाने के लिए 21 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। फिर डुमना एयरपोर्ट से विशेष विमान द्वारा हार्ट अहमदाबाद और लीवर भोपाल भेजा गया।

पूरन ने बचाई 2 जिंदगियां

भेड़ाघाट शिल्पी नगर निवासी पूरण सिंह चौधरी सड़क हादसे में घायल हो गए थे। इलाज के दौरान उनके निधन के बाद परिजनों ने प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए अंगदान किया। उनकी दोनों किडनियों के साथ आंखों और त्वचा का भी दान किया गया। 7 मार्च 2025 को दो ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। पहला सुपर स्पेशलिटी मेडिकल अस्पताल से डुमना एयरपोर्ट तक, जहां से एक किडनी एयर एम्बुलेंस से इंदौर भेजी गई। दूसरा मेडिकल कॉलेज से जबलपुर के एक निजी अस्पताल तक बनाया गया, जहां दूसरी किडनी का प्रत्यारोपण किया गया।

भोपाल, इंदौर भेजे गए ऑर्गन्स

जनवरी 2025 में दिव्यांग संत बलीभगत उर्फ पंडित बलिराम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। ब्रेन डेड घोषित होने के बाद परिजनों की सहमति से अंगदान किया गया। उनका हार्ट भोपाल एम्स और लीवर इंदौर के चोइथराम अस्पताल भेजा गया। किडनी खराब होने के कारण उसका उपयोग नहीं हो सका। इस प्रक्रिया के लिए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से डुमना एयरपोर्ट और मेडिकल कॉलेज परिसर में ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना सम्मेलन 23 को

नवभारत, जबलपुर। नगर निगम सीमा अंतर्गत 23 जनवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने समस्त अविवाहित युवक-युवतियों से विनम्र अपील की है, कि विवाह-निकाह योजना के अंतर्गत पंजीयन कराने के लिए सभी संभागीय कार्यालयों से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक सभी दस्तावेजों को संलग्न करते हुए अब 5 जनवरी 2026 तक कार्यालय में जमा करें, ताकि आप सभी अविवाहित युवक युवतियों को योजना का लाभ मिल सके। इस संबंध में उपायुक्त अंकिता जैन एवं योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना में आवेदक को किसी प्रकार की समस्या हो तो नगर निगम के योजना शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।